# NCERT Solutions For Class 10 Hindi (Sparsh)

## CH 10 - तताँरा-वामीरो कथा

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-दो-पंक्तियों में दीजिए -**

**1. तताँरा-वामीरो कहाँ की कथा है?**

**उत्तर :** तताँरा-वामीरो अंडमान निकोबार द्वीप समुह की एक लोक कथा है।

**2. वामीरो अपना गाना क्यों भूल गई?**

**उत्तर :** अचानक समुद्र की ऊँची लहरों ने वामीरो को भिगो दिया, इसी जल्दबाजी में वह गाना भूल गई।

**3. तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की?**

**उत्तर :** तताँरा ने वामीरो से याचना की कि वह कल उसी समुद्री चट्टान पर वापस आए।

**4. तताँरा और वामीरो के गाँव की क्या रीति थी?**

**उत्तर :** तताँरा और वामीरो के गाँव की रीति थी कि विवाह का संबंध किसी दुसरे गाँव वाले व्यक्ति से नहीं हो सकता था।

**5. क्रोध में तताँरा ने क्या किया?**

**उत्तर :** क्रोध में तताँरा का हाथ कमर पर लटकी हुई तलवार पर चला गया व उसने तलवार को म्यान से निकाल कर भूमि में गाड़ दी।

**(क) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (25-30 शब्दों में) दीजिए -**

**1. तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था?**

**उत्तर :** तताँरा की तलवार लकड़ी की थी व हर वक्त तताँरा की कमर पर बँधी रहती थी। वह इसका प्रयोग सभी के सामने नहीं करता था। लोगों का यह कहना था कि उसमें अद्भुत दैवीय शक्ति थी। वास्तव में वह तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।

**2. वामीरों ने तताँरा को बेरूखी से क्या जवाब दिया?**

**उत्तर :** वामीरों ने तताँरा को बहुत ही बेरूखी से जवाब दिया कि पहले वह कहे कि वह कौन है जो इस तरह के प्रश्न उससे पूछ रहा है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**3. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु से निकोबार में क्या परिवर्तन आया?**
**उत्तर :** तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु की दुर्घटना के पश्चात् निकोबार द्वीपसमूह के लोग दूसरे गांवों से भी आपस में वैवाहिक संबंध रखने लगे।

**4. निकोबार के लोग तताँरा को क्यों पसंद करते थे।**
**उत्तर :** निकोबार के लोग तताँरा को उसके अपनेपन के स्वभाव के कारण से पसन्द करते थे। वह एक नेक ईमानदार व साहसी व्यक्ती था। वह मुसीबत के वक्त भाग-भागकर सभी लोगों की मदद करता था।

**(ख) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर (50-60 शब्दों में) दीजिए-**
**1. निकोबार द्वीप समूह के विभक्त होने के बारे में निकोबारियों का क्या विश्वास है?**
**उत्तर :** निकोबारियों का यह विश्वास था कि पहले अंडमान और निकोबार दोनों एक ही द्वीप थे। इनके दो होने के पीछे तताँरा-वामीरो की एक लोक कथा प्रचलित है। ये दोनों प्रेम करते थे। दोनों एक गाँव के नहीं थे। इसकी वजह से रीति अनुसार विवाह नहीं हो सकता था। रूढ़ियों में जकड़ा हुआ होने के कारण वह कुछ भी नहीं कर सकता था। उसे अत्यधिक क्रोध आया और उसने क्रोध में अपनी तलवार ज़मीन में गाड़ दी और उसे खींचते- खींचते वह दूर भागता चला गया। इससे ज़मीन दो भागों में बँट गई-एक निकोबार और दूसरा अंडमान।

**2. तताँरा खूब परिश्रम करने के बाद कहाँ गया? वहाँ के प्राकृतिक सौंदर्य का वर्णन अपने शब्दों में कीजिए।**
**उत्तर :** तताँरा दिनभर खूब मेहनत करने के पश्चात् समुद्र के तट पर टहलने निकल गया। शाम का वक्त था, और समुद्र से ठंडी हवाएँ आ रही थी। पंछियों की चहचहाट की आवाज़ धीरे-धीरे कम हो रही थी। डुबते हुए सूरज की किरणें भी समुद्र के पानी पर पड़कर सतरंगी छटा को बिखेर रही थी। समुद्र का पानी बहते हुए आवाज़ कर रहा था मानो कोई गीत गुनगुना रहा हो। पूरा वातावरण बहुत मनमोहक लग रहा था।

**3. वामीरो से मिलने के बाद तताँरा के जीवन में क्या परिवर्तन आया?**
**उत्तर :** वामीरो से मिलने के पश्चात तताँरा बहुत बैचेन रहने लगा। वह अपनी सुधबुध और चैन खो बैठा। वह शाम की प्रतिक्षा करता जब वह वामीरो से मिल सके। वह दिन ढलने से पहले ही लपाती की समुद्री चट्टान पर पहुँच गया। उसे एक-एक पल बहुत लंबा लग रहा था।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**4. प्राचीन काल में मनोरंजन और शक्ति प्रदर्शन के लिए किस प्रकार के आयोजन किए जाते थे?**

**उत्तर :** प्राचीन काल में हष्ट पुष्ट पशुओं के साथ मिलकर शक्ति प्रदर्शन किए जाते थे। लड़ाकू साँडों, शेर, पहलवानों की कुश्ती तलवार बाज़ी जैसे शक्ति प्रदर्शन के खेल होते थे। तीतर, बटेर की लड़ाई, पतंगबाजी पैठे लगाना जिसमें विशिष्ठ सामग्रियाँ बिकती। खाने पीने की दुकानें, जानवरों की नुमाइश, ये सभी मनोरंजन के प्रदर्शन होते थे।

**5. रूढ़ियाँ जब बंधन बन बोझ बनने लगें तब उनका टूट जाना ही अच्छा है। क्यों? स्पष्ट कीजिए।**

**उत्तर :** रूढ़ियां और बंधन समाज को अनुशासित करने के लिए बनते हैं लेकिन जब इन्हीं के द्वारा मनुष्य की भावना आहत होने लगे, बंधन बनने लगे और बोझ लगने लगे तो उसका टूट जाना ही सही होता है। इस कहानी के सन्दर्भ में देखा जाए तो तांतरा-वामीरो का विवाह एक रूढ़ी के कारण नहीं हो सकता था जिसके कारण उन्हें अपनी जान देनी पड़ती है। इस तरह की रूढ़ियाँ किसी का भला करने की जगह नुकसान करती हैं। समय के अनुसार समाज में बदलाव आते रहते हैं किसी का भला करने की जगह नुकसान करती हैं। समयानुसार समाज में बदलाव आते रहते हैं और रूढ़ियाँ आडम्बर के जैसी लगती  हैं इसलिए इनका टूट जाना ही बेहतर होता है।

**(ग) निम्नलिखित का आशय स्पष्ट कीजिए -**

**1. जब कोई राह न सूझी तो क्रोध का शमन करने के लिए उसमें शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और ताकत से उसे खींचने लगा।**

**उत्तर :** तताँरा-वामीरो को यह मालुम हो गया था कि उनकी शादी अब नहीं हो सकती। फिर भी वे एक दूसरे से मिलते रहे। एक बार पशु पर्व मे वामीरो तताँरा से मिलकर रोने लगी। इस पर उसकी माँ ने क्रोध किया और तताँरा को अपमानित किया। तताँरा को भी क्रोध आने लगा। अपने गुस्से को काबू करने के लिए उसने अपनी तलवार को ज़मीन में गाड़ दिया और खींचता चला गया। इस कारण धरती दो हिस्सों में बंट गयी।

**2. बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी।**

**उत्तर :** तताँरा ने वामीरो से मिलने के लिए कहा और वह शाम के समय उसका इंतज़ार भी कर रहा था। जैसे-जैसे सूरज डूब रहा था, उसको वामीरो के न आने का एहसास होने लगता। जिस प्रकार सूर्य की किरणें समुद्र की लहरों में कभी दिखती तो कभी छिप जाती थी, उसी तरह तताँरा के मन में भी उम्मीद बनती व डूबने लगती थी।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**भाषा अध्यन**

**1. निम्नलिखित वाक्यों के सामने दिए कोष्ठक में ("का चिह्न लगाकर बताएँ कि वह वाक्य किस प्रकार का है**

**(क) निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)**

**उत्तर :** निकोबारी उसे बेहद प्रेम करते थे।(विधानवाचक)

**(ख) तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)**

**उत्तर :** तुमने एकाएक इतना मधुर गाना अधूरा क्यों छोड़ दिया? (प्रश्नवाचक)

**(ग) वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक**

**उत्तर :** वामीरो की माँ क्रोध में उफन उठी। (विधानवाचक)

**(घ) क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)**

**उत्तर :** क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम? (प्रश्नवाचक)

**(ङ) वाह! कितना सुदंर नाम है। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)**

**उत्तर :** वाह! कितना सुदंर नाम है।(विस्मयादिबोधक**)**

**(च) मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूंगा। (प्रश्नवाचक, विधानवाचक, निषेधात्मक, विस्मयादिबोधक)**

**उत्तर :**मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूंगा। (विधानवाचक)

**2. निम्नलिखित मुहावरों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**

**(क) सुध-बुध खोना**

**उतर :** अचानक बहुत से मेहमानों को देखकर गीता ने अपनी सुधबुध खो दी।

**(ख) बाट जोहना**

**उत्तर :** शाम होते ही माँ सबकी बाट जोहने लगती।

**(ग) खूशी का ठिकाना न रहना**

**उत्तर :** आई. ए. एस. की परीक्षा में उत्तीर्ण होने पर मोहन का खुशी का ठिकाना न रहा।

**(घ) आग बबूला होना**

**उत्तर :** शैतान बच्चों को देखकर अध्यापक आग बबूला हो गए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ङ) आवाज़ उठाना**

**उत्तर :** प्रगतीशील लोगों ने रूढ़ियों के खिलाफ आवाज़ उठाई।

**3. नीचे दिए गए शब्दों में से मूल शब्द और प्रत्यय अलग करके लिखिए -**

| **शब्द** | **मूल शब्द** | **प्रत्यय** |
|---|---|---|
| **चर्चित** | .............. | .............. |
| **साहसिक** | .............. | .............. |
| **छटपटाहट** | ............. | .............. |
| **शब्दहीन** | .............. | ............. |

**उत्तर :**

| शब्द | मूल शब्द | प्रत्यय |
|---|---|---|
| चर्चित | चर्चा | इत |
| साहसिक | साहस | इक |
| छटपटाहट | छटपट | आहट |
| शब्दहीन | शब्द | हीन |

**4. नीचे दिए गए शब्दों में उचित उपसर्ग लगाकर शब्द बनाइए -**

..................... **+** **आकर्षक** ...................

..................... **+** **ज्ञात** ...................

..................... **+** **कोमल** ...................

..................... **+** **होश** ...................

..................... **+** **घटना** ...................

**उत्तर :** अन + आकर्षक = अनाकर्षक

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अ | + | ज्ञात | = | अज्ञात |
| सु | + | कोमल | = | सुकोमल |
| बे | + | होश | = | बेहोश |
| दुर | + | घटना | = | दुर्घटना |

**5. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार परिवर्तित कीजिए -**

**(क) जीवन में पहली बार में इस तरह विचलित हुआ हूँ। (मिश्रवाक्य)**

**उत्तर :** जीवन में ऐसा पहली बार हुआ है जब मैं विचलित हुआ हूँ।

**(ख) फिर तेज़ कदमों से चलती हुई तताँरा के सामने आकर ठिठक गई। (संयुक्त वाक्य)**

**उत्तर :** फिर तेज़ कदमों से चलती हुई आई और तताँरा के सामने आकर ठिठक गई।

**(ग) वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। (सरल वाक्य)**

**उत्तर :** वामीरो कुछ सचेत होकर घर की तरफ़ दौड़ी।

**(घ) ततौरा को देखकर वह फूटकर रोने लगी। (संयुक्त वाक्य)**

**उत्तर :** उसने तताँरा को देखा और वह फूटकर रोने लगी।

**(ङ) रीति के अनुसार दोनों को एक ही गाँव का होना आवश्यक था। (मिश्रवाक्य)**

**उत्तर :** रीति के अनुसार यह आवश्यक था कि दोनों एक ही गाँव के हों।

**7. नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए -**

**भय, मधुर, सभ्य, मूक, तरल, उपस्थिति. सुखद।**

**उत्तर :**

भय : अभय

मधुर : कर्कश

सभ्य : असभ्य

मूक : वाचाल

तरल : ठोस

उपस्थिति : अनुपस्थिति

दुखद : सुखद

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**8. नीचे दिए गए शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए -**
**समुद्र, आँख, दिन, अँधेरा, मुक्त।**
**उत्तर :**
समुद्र : सागर, जलधि
आँख : नेत्र, चक्षु
दिन : दिवस, वासर अँधेरा : तम, अंधकार
मुक्त : आज़ाद, स्वतंत्र

**9. नीचे दिए गए शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए -**
**किंकर्तव्यविमूढ, विह्वल. भयाकुल, याचक, आकंठ।**
**उत्तर :**
किंकर्तव्यविमूढ़-बहुत परेशानी में ठाकुर साहब से ढेरो पैसे इनाम मिलने पर वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया।
विह्वल - गीता बूढी माँ के अंतिम क्षणों में विह्वल हो गई।
भयाकुल - वह अकेले अंधेरे घर में भयाकुल हो गया।
याचक - दरवाज़े पर एक याचक खड़ा था।

**आकंठ वह बहुत ही मधुर आकंठ से गीत गा रही थी।**
**10. किसी तरह आँचरहित एक ठंडा और ऊबाऊ दिन गुज़रने लगा वाक्य में दिन के लिए किन-किन विशेषणों का प्रयोग किया गया है? आप दिन के लिए कोई तीन विशेषण और सुझाइए।**
**उत्तर :**
(क) ठंडा, ऊबाऊ
(ख) सुदर, शुभ, ठंडा।

**12. वाक्यों के रेखांकित पदबंधों का प्रकार बताइए**
**(क) उसकी कल्पना में वह एक अदभुत साहसी युवक था।**
**उत्तर :** विशेषण पदबंध।

**(ख) तताँरा को मानो कुछ होश आया।**
**उत्तर :** क्रिया पदबंध।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**(ग) वह भागा-भागा वहाँ पहुँच जाता।**

**उत्तर :** क्रिया विशेषण पदबंध।

**(घ) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी।**

**उत्तर :** संज्ञा पदबंध।

**(ङ) उसकी व्याकुल आँखें वामीरों को ढूंढने में व्यस्त थीं।**

**उत्तर :** संज्ञा पदबंध।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in